नई सोच...

Tital Code: RAJHIN27958

Website: www.bhatnerexpress.com

BE Bhatner Express

# भटनेर एक्सप्रैस

E-mail: bhatnerexpress@gmail.com

RNI NO : RAJHIN/2022/85753

सम्पादकः विपुल गोयल

वर्षः4 | अंकः 31 | हनुमानगढ़ जंक्शन (राजस्थान) | साप्ताहिक | मंगलवार 16 जून 2026 | मो. 94612-10329 | शुल्कः 2 रूपये | पृष्ठः 4

## फिर से महंगा होने वाला है सिलेंडर!

**» एलपीजी पर 700 रुपये प्रति सिलेंडर का घाटा, पेट्रोल-डीजल में घटा तेल कंपनियों का दबाव**

भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत में पेट्रोलियम कंपनियों पर रसोई गैस (एलपीजी) की बिक्री का दबाव अभी भी बना हुआ है। हालांकि, हाल के दिनों में कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में नरमी देखने को मिली है और पेट्रोल-डीजल पर होने वाला घाटा भी कम हुआ है, लेकिन घरेलू एलपीजी सिलेंडर पर कंपनियों को अब भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। पेट्रोलियम मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों के अनुसार, घरेलू गैस सिलेंडर पर तेल कंपनियों को लगभग 700 रुपये प्रति सिलेंडर का घाटा हो रहा है। दूसरी ओर पेट्रोल पर नुकसान घटकर करीब 3 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर लगभग 27 रुपये प्रति लीटर रह गया है। यह स्थिति बताती है कि फिलहाल एलपीजी कंपनियों के लिए सबसे बड़ी चिंता बनी हुई है। सरकार के अनुसार, एक घरेलू एलपीजी सिलेंडर को उपभोक्ताओं तक पहुंचाने की कुल लागत 1,600 रुपये से अधिक हो



चुकी है, जबकि ग्राहकों से वसूली जाने वाली कीमत इससे काफी कम है। इसी वजह से हर सिलेंडर पर लगभग 700 रुपये का अंतर यानी अंडर-रिकवरी हो रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में एलपीजी के लिए इस्तेमाल होने वाला सऊदी सीपी (कांट्रैक्ट प्राइस) फरवरी के बाद से करीब 46 प्रतिशत तक बढ़ चुका है, जिससे कंपनियों की लागत और बढ़ गई है। दिलचस्प बात यह है कि कुछ समय पहले तक एलपीजी पर होने वाला घाटा करीब 380 रुपये प्रति सिलेंडर बताया जा रहा था, लेकिन पश्चिम एशिया में तनाव और सप्लाई संबंधी चुनौतियों के कारण यह नुकसान लगभग दोगुना हो गया। सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियां लंबे समय से इस अतिरिक्त बोझ को खुद वहन कर रही हैं, ताकि उपभोक्ताओं पर अचानक कीमतों का बड़ा असर न पड़े। पेट्रोल और डीजल की बात करें तो स्थिति अब पहले की तुलना में बेहतर हुई है। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम होने तथा युद्धविराम जैसी स्थितियों के बाद वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई है। इसका फायदा भारतीय तेल कंपनियों को भी मिला है। हालांकि, मई महीने में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कई बार बढ़ोतरी की गई थी, लेकिन इसके बावजूद कंपनियां पूरी लागत वसूल नहीं कर पाई थीं। एक समय ऐसा भी था, जब पेट्रोल पर करीब 24 रुपये और डीजल पर 30 रुपये... शेष पेज 3 पर

## चार महीने के तनाव के बाद अमेरिका और ईरान ने रखी शांति समझौते की नींव

**» अमेरिका-ईरान ने एमओयू पर किये वर्चुअल हस्ताक्षर**

भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच पिछले चार महीनों से चल रहे भीषण तनाव और जंग को समाप्त करने की दिशा में एक बहुत बड़ी और ऐतिहासिक सफलता मिली है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर घालीबाफ ने वर्चुअली एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर दिए हैं, जो दोनों देशों के बीच शांति संधि की आधारशिला रखेगा। सूत्रों के अनुसार, इस शांति समझौते की एमओयू पर वर्चुअली दस्तखत होने के बाद अब शुक्रवार को एक औपचारिक हस्ताक्षर समारोह आयोजित किया जाएगा। हालांकि, इस समझौते के पूर्ण विवरण अगले 48 घंटों में जारी होने की उम्मीद है, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों ने इसे युद्ध छिड़ने के बाद से अब तक की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। अमेरिकी अधिकारियों ने सोमवार को समाचार एजेंसी रॉयटर्स को बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बागेर घालीबाफ ने पहले ही इस समझौते पर साइन कर दिए हैं। शुक्रवार को औपचारिक रूप से साइन करने का समारोह होने की उम्मीद है।

### एमओयू शांति समझौते की नींव

यह समझौता ज्ञापन वॉशिंगटन और तेहरान के बीच शांति समझौते की नींव रखता है, हालांकि अधिकारियों ने संकेत दिया है कि कई अहम मुद्दों पर अभी और बातचीत की जरूरत है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, यह समझौता तनाव कम करने का एक ढांचा (फ्रेमवर्क) बनाता है और अनसुलझे मामलों पर तकनीकी बातचीत का रास्ता तैयार करता है। यह समझौता महीनों की लड़ाई के बाद हुआ है, जो फरवरी में ईरान पर अमेरिका और इज़राइल के संयुक्त सैन्य हमलों और उसके बाद अमेरिकी हितों और क्षेत्रीय सहयोगियों पर ईरान के हमलों के बाद शुरू हुई थी।

## डीजल नियमों में राहत नहीं मिली तो 22 जून को बंद रहेंगे जिले के पेट्रोल पंप

**» नई अधिसूचना में संशोधन और डीजल माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई**

भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो

**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने डीजल बिक्री से जुड़े नए नियमों में संशोधन तथा जिले में सक्रिय डीजल माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में सोमवार को जिला प्रशासन के माध्यम से भारत सरकार एवं जिला प्रशासन को दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपे गए। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष पतराम भांभू, सचिव विपुल धमीजा और कोषाध्यक्ष विनीत गणेशगढ़िया के नेतृत्व में पेट्रोलियम डीलर्स की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में भारत सरकार की ओर से 11 जून को जारी अधिसूचना में डीजल बिक्री को लेकर लागू की गई शर्तों पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया गया। जिलाध्यक्ष पतराम भांभू ने बताया कि सरकार की ओर से एक ग्राहक या वाहन को प्रतिदिन 200 लीटर से अधिक डीजल बिक्री पर रोक लगाने का निर्णय स्वागत योग्य है, क्योंकि इससे अवैध भंडारण और डीजल की तस्करी पर अंकुश लगेगा। हालांकि अधिसूचना में डीजल



केवल वाहन के टैंक अथवा पीईएसओ (पेट्रोलियम एंड एक्सप्लोसिव सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन) से अनुमोदित कंटेनर में ही देने की शर्त व्यवहारिक रूप से संभव नहीं है। डीलर्स का कहना है कि हनुमानगढ़ कृषि प्रधान जिला है, जहां किसान खेतों में ट्रैक्टर, डीजल इंजन और अन्य कृषि उपकरणों के लिए ड्रम या कैन में डीजल लेकर जाते हैं। इसके अलावा अस्पतालों, बैंकों, मोबाइल टावरों मैरिज पैलेसों और सरकारी कार्यालयों में लगे जनरेटरों के लिए भी इसी प्रकार डीजल लिया जाता है। वर्तमान में बाजार में पीईएसओ अनुमोदित कंटेनर आसानी से उपलब्ध नहीं हैं और उनकी कीमत भी काफी अधिक है। एसोसिएशन ने... शेष पेज 3 पर

## शहरी सेवा शिविर 2026: राजस्थान आवासन मंडल में आमजन को मिलेगी विभिन्न रियायतें

भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो

**हनुमानगढ़।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार शहरी सेवा शिविर अभियान 2026 के अन्तर्गत राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग (ईडब्ल्यूएस) व अल्प आय वर्ग (एलआईजी) के आवंटियों को मासिक किश्त समय पर जमा नही करवाने वाले आवासों पर ब्याज / शास्ति मे 100 प्रतिशत छूट है तथा मण्डल के समस्त श्रेणी के आवासों पर लीज राशि एक मुश्त जमा करवाने पर बकाया लीज राशि में 60 प्रतिशत की छूट है व लीज राशि पर शास्ति मे 100 प्रतिशत छूट है। मण्डल द्वारा किये जाने वाले पंजीयन पश्चात नामांतरण में नामांतरण शुल्क मे भी 50 प्रतिशत की छूट है। पूर्व मे आवासन मण्डल द्वारा मासिक किश्त समय पर जमा नही करवाने वाले को समय- समय पर नोटिस जारी किये गये थे। उन आवंटियों को वर्तमान में शहरी सेवा शिविर मे ब्याज व शास्ति में छूट प्रदान की गई है। शहरी शिविर अभियान 2026 मे अहस्तांतरित कॉलोनियों में साफ सफाई, रोड, सीवर लाईन एवं रोड लाईटों की मरम्मत, नाम हस्तांतरण प्रकरण, आवंटी/ आवेदकों को रिफण्ड, पूर्ण राशि जमा होने पर अदेयता प्रमाण पत्र, एक मुश्त लीज पत्र व फ्री होल्ड प्रमाण पत्र, बकाया /शेष राशि की जानकारी/अन्य मांग... शेष पेज 3 पर

## प्रदर्शन के दौरान कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर पर हमला, समर्थकों ने हमलावरों को पीटा

भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो

**जयपुर।** जयपुर में कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके को युवकों ने थप्पड़ मारे हैं। इसके बाद पार्टी के समर्थकों ने उनमें से दो युवकों को पकड़कर पीट दिया। थप्पड़ मारने वाले रोहित शर्मा, राकेश गुर्जर,अजय शर्मा, कुलदीप सिंह शेखावत, निकेत को पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। अभिजीत सोमवार को नीट पेपर लीक, शिक्षा व्यवस्था, बेरोजगारी और युवाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रदर्शन में शामिल होने आए। शहीद स्मारक पर अभिजीत की अगुवाई में सैकड़ों प्रदर्शनकारी शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। दीपके ने हमले के बाद सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में कहा कि यह उनके आंदोलन को कमजोर करने की कोशिश है, लेकिन वे डरने वाले नहीं हैं। थप्पड़कांड के बाद अभिजीत दीपके ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित किया। अभिजीत ने नारा लगाया कि 'हिंदू-मुस्लिम की राजनीति नहीं चलेगी, नहीं चलेगी।' हमें यह स्वतंत्रता कुर्बानियों के बाद मिली थीं। हमें हिंदू-मुस्लिम में बांटा जाता है। जाति धर्म में बांटा जाता है, लेकिन हमें इसमें नहीं फंसना है। सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा कि हम 20 जून को फिर दिल्ली चलेंगे। इस बार जब दिल्ली जाएंगे, तो बिना इस्तीफे के नहीं लौटेंगे। उन्होंने 'दिल्ली चलो' का नारा भी लगाया। राष्ट्रगान के साथ प्रदर्शन खत्म हो गया।

## शिक्षा में हनुमानगढ़ का परचम, राजस्थान में हासिल किया दूसरा स्थान

### राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की मई रैंकिंग में जिले को मिले 39 अंक, सीकर के बाद बना प्रदेश का दूसरा सर्वश्रेष्ठ जिला

भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो

**हनुमानगढ़।** शिक्षा के क्षेत्र में हनुमानगढ़ जिले ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की मई 2026 की जिला रैंकिंग में प्रदेशभर में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। जिले को कुल 39 अंक मिले हैं, जिससे हनुमानगढ़ ने राज्य के अधिकांश जिलों को पीछे छोड़ते हुए शिक्षा गुणवत्ता और शैक्षणिक प्रबंधन में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद द्वारा प्रत्येक माह विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक मानकों के आधार पर जिलों का मूल्यांकन किया जाता है। परिषद 12 प्रमुख बिंदुओं को आधार बनाकर जिलों की रैंकिंग निर्धारित करती है। इनमें अधिकारियों की विद्यालय विजिट, शिक्षण एप एंगेजमेंट, बोर्ड परीक्षा परिणाम, विद्यार्थियों की उपस्थिति, शाला स्वास्थ्य, पेयजल एवं शौचालय व्यवस्था, सीबीए और ओआरएफ परिणाम, टेक्स्ट बुक एवं वर्क बुक करेक्शन, मिशन स्टार्ट, एबीएल किट का प्रयोग तथा गृहकार्य जैसे महत्वपूर्ण पहलू शामिल हैं। मई 2026 की रैंकिंग में सीकर जिला 42 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रहा, जबकि हनुमानगढ़ और झुंझुनूं दोनों को 39 अंक प्राप्त हुए। निर्धारित मानकों के अनुसार हनुमानगढ़ को प्रदेश में दूसरा स्थान मिला। वहीं चूरू 36 अंकों के साथ चौथे तथा करौली 35 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहा। जिले की इस सफलता के पीछे शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन समितियों की सतत मेहनत को प्रमुख कारण माना जा रहा है। विभाग द्वारा नियमित मॉनिटरिंग, शिक्षण गुणवत्ता सुधार, विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने और आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिनका सकारात्मक परिणाम अब रैंकिंग में दिखाई दे रहा है। जिले के ब्लॉक स्तर पर भी उल्लेखनीय प्रदर्शन देखने को मिला। 53.29 अंकों के साथ भादरा ब्लॉक जिले में प्रथम स्थान पर रहा। वहीं 51.37 अंकों के साथ टिब्बी ने दूसरा तथा 51.10 अंकों के साथ संगरिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इन ब्लॉकों का प्रदर्शन जिले की समग्र उपलब्धि में महत्वपूर्ण योगदान देने वाला साबित हुआ है। शिक्षा विभाग के उपनिदेशक पन्नालाल कड़ेला ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले महीनों में भी शिक्षा गुणवत्ता, विद्यार्थियों के सीखने के स्तर और विद्यालयों में सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि हनुमानगढ़ प्रदेश में शीर्ष स्थान हासिल कर सके। जिले की इस उपलब्धि से शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों में उत्साह का माहौल है।

## ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार सिपाही की मौत

**हनुमानगढ़।** जिले के भादरा थाना में पद स्थापित एक सिपाही की आज सुबह सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस के अनुसार सिपाही नरेश जाट (37) आज सुबह लगभग 9.30 बजे थाने से अपनी बीट ड्यूटी के लिए करवाना हुआ था। लगभग 10 बजे वह जब वह डोबी गांव के निकट पहुंचा तो एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गया।टक्कर इतनी जोर से हुई कि नरेश की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई।सिपाही नरेश की सड़क हादसे में मौत हो जाने से हनुमानगढ़ जिला पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। मौके की कार्यवाही के बाद लाश को पोस्टमार्टम के लिए भादरा के सरकारी अस्पताल में लाया गया। इस बीच पुलिस ने चालक पर लापरवाही का मुकदमा दर्ज कर ट्रक को जब्त कर लिया है। पोस्टमार्टम के बाद में लाश को भादरा थाना में लाया गया। जहां पुलिस अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी।इसके बाद लाश को अंतिम संस्कार के लिए पैतृक गांव ददरेवा... शेष पेज 3 पर

# सम्पादकीय

## अमेरिका व ईरान के बीच बने समझौते मसौदे के वैश्विक मायने

अमेरिका और ईरान के बीच हाल में उभरे समझौता-ढांचे को यदि अंतिम रूप मिल जाता है, तो इसके प्रभाव केवल दोनों देशों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि पूरे पश्चिम एशिया, वैश्विक ऊर्जा बाजार और विश्व राजनीति पर पड़ेंगे। समझौते में युद्धविराम, परमाणु कार्यक्रम पर नियंत्रण, तेल प्रतिबंधों में राहत, ईरान की जमी हुई संपत्तियों की रिहाई तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने जैसे मुद्दे शामिल बताए जा रहे हैं। यदि यह समझौता सफलतापूर्वक लागू होता है, तो इसे 21वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक घटनाक्रमों में गिना जा सकता है। पहला, वैश्विक ऊर्जा बाजार को मिलेगी बड़ी राहत- होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के तेल और एलएनजी व्यापार का एक अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है। इस मार्ग पर रणनीति पूर्वक ईरान ने अपना मजबूत कब्जा जमा लिया है। लिहाजा, इसके खुलने और तनाव घटने से कच्चे तेल की आपूर्ति सामान्य हो सकती है, जिससे तेल की कीमतों पर दबाव कम होगा। समझौते की खबर आते ही वैश्विक बाजारों में तेल कीमतों में गिरावट और शेयर बाजारों में तेजी देखी गई। यदि अमेरिका-ईरान टकराव कम होता है, तो लेबनान, इराक, सीरिया और खाड़ी क्षेत्र में भी तनाव कम होने की संभावना बढ़ेगी। समझौते के तहत क्षेत्रीय संघर्षों को शांत करने की बात भी सामने आई है। इससे भारत को लाभ यह होगा कि यूरोप, अरब देशों, मध्य एशिया के देशों और रूस के साथ विकसित होने वाले महत्वपूर्ण व्यापारिक परिवहन कॉरिडोर के काम में गति आएगी। तीसरा, परमाणु प्रसार पर नियंत्रण- ईरान द्वारा परमाणु हथियार न बनाने, यूरेनियम संवर्धन को सीमित करने तथा परमाणु गतिविधियों पर नियंत्रण की दिशा में सहमति अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इससे मध्य पूर्व में परमाणु हथियारों की दौड़ पर कुछ हद तक रोक लग सकती है। साथ ही, पाकिस्तान पर भी परमाणु हथियार हटाने का दबाव बढ़ेगा। चौथा, चीन और रूस की रणनीति पर असर- पिछले वर्षों में ईरान, चीन और रूस के बीच रणनीतिक निकटता बढ़ी थी। इससे भारत की भी परेशानी बढ़ रही थी, क्योंकि ईरान-पाकिस्तान-अफगानिस्तान के आतंकवादी कॉरिडोर को नियंत्रित करने में अमेरिका-चीन के षड्यंत्रकारी बाधक बन रहे थे। रूस भी मजबूरी में ईरान को साथ दे रहा है। ऐसे में यदि अमेरिका-ईरान संबंध सुधरते हैं, तो तेहरान को पश्चिमी निवेश और बाजारों तक पहुंच मिल सकती है, जिससे उसकी चीन और रूस के अलावा पाकिस्तान पर रणनीतिक निर्भरता कुछ कम हो सकती है। यह वैश्विक शक्ति-संतुलन में महत्वपूर्ण बदलाव होगा। तेल आयात व अन्य सामान के सस्ता होने की संभावना बढ़ेगी। खाड़ी क्षेत्र में भारतीय प्रवासियों की सुरक्षा बेहतर होगी। चाबहार बंदरगाह और भारत-ईरान व्यापार को नई गति मिल सकती है। पश्चिम एशिया में स्थिरता भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगी। यहां चीनी हस्तक्षेप कम होने से भारत पश्चिमी मोर्चे पर मजबूत होगा। छठा, लेकिन चुनौतियां अभी बाकी हैं- चूंकि समझौते पर अभी भी पूर्ण सहमति नहीं बनी है, क्योंकि चीन-रूस दिल से ऐसा नहीं चाहते। लिहाजा, ईरान के कट्टरपंथी गुट इसका विरोध कर रहे हैं और इजराइल-हिज्बुल्लाह मोर्चे पर तनाव भी बना हुआ है। चूंकि कट्टरपंथियों ने बलिदान देकर ईरान को इतना मजबूत बनाया है। इसलिए उनके खिलाफ कोई भी ईरानी सरकार नहीं जा सकती। यही वजह है कि कई रिपोर्टों में कहा गया है कि अंतिम हस्ताक्षर और कार्यान्वयन अभी अनिश्चित हैं। निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि यदि यह समझौता सफलतापूर्वक लागू होता है, तो इसे 21वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक घटनाक्रमों में गिना जा सकता है। इससे तेल बाजार स्थिर होंगे, परमाणु संकट टलेगा, पश्चिम एशिया में शांति की संभावना बढ़ेगी और भारत सहित अनेक देशों को आर्थिक लाभ मिलेगा। लेकिन इसकी स्थिरता इस बात पर निर्भर करेगी कि अमेरिका, ईरान, इजराइल और क्षेत्रीय शक्तियां अपने-अपने वादों का कितना पालन करती हैं। मेरी राय में यह समझौता जितनी जल्दी हो जाए, भारतीय हित उतनी जल्दी ही सधने शुरू जाएंगे।

# पहली बारिश में खुली नगरपरिषद की व्यवस्थाओं की पोल

**» खाली प्लॉटों में पानी छोड़ने की तैयारी पर वार्डवासियों का विरोध**

भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो

**हनुमानगढ़।** गर्मी भरे मौसम के बीच सोमवार को हुई पहली बारिश ने जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलाई, वहीं नगरपरिषद की व्यवस्थाओं पर कई सवाल भी खड़े कर दिए। करीब 30 मिनट तक लगातार हुई बारिश के बाद जंक्शन स्थित सिविल लाइन क्षेत्र में एसटीपी प्लांट के निकट नगरपरिषद द्वारा खाली प्लॉटों की ओर बने बंधे को तोड़ने के लिए जेसीबी मशीन भेजे जाने पर स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। वार्डवासियों का आरोप है कि नगरपरिषद हर वर्ष बरसात के दौरान जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान करने के बजाय खाली पड़े प्लॉटों में पानी भरने का आसान रास्ता अपनाती है। लोगों ने बताया कि नगरपरिषद की ओर से नीलामी के माध्यम से आमजन ने इस पॉश क्षेत्र में लाखों रुपये खर्च कर प्लॉट खरीदे थे, लेकिन बारिश आते ही इन प्लॉटों को जल निकासी के लिए इस्तेमाल करने की कोशिश की जाती है। स्थानीय निवासियों ने कहा कि नगरपरिषद का ड्रेनेज सिस्टम और एसटीपी प्लांट की व्यवस्था प्रभावी ढंग से कार्य नहीं कर रही है। ऐसे में बारिश का पानी निकालने के लिए प्रशासन के पास कोई ठोस योजना दिखाई नहीं देती। इसी कारण हर बार खाली प्लॉटों और रिहायशी



क्षेत्रों को जलभराव का सामना करना पड़ता है। लोगों ने बताया कि पिछले वर्ष भी नगरपरिषद ने इसी प्रकार पानी को खाली प्लॉटों की ओर मोड़ दिया था, जिससे आसपास बने मकानों को भारी नुकसान पहुंचा था। कई घरों में पानी घुस गया था और स्थिति इतनी गंभीर हो गई थी कि कुछ परिवारों को अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा। प्रशासन और पुलिस की सहायता से कई लोगों को अस्थायी रूप से अन्य स्थानों पर शिफ्ट किया गया था। वार्डवासियों का कहना है कि उन्होंने जीवनभर की कमाई लगाकर यहां मकान और प्लॉट खरीदे हैं, लेकिन नगरपरिषद की लापरवाही के कारण हर बरसात में उन्हें अपने आशियाने की चिंता सताने लगती है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि इस बार भी नगरपरिषद ने पानी को इन प्लॉटों में छोड़ने का प्रयास किया तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो सकती है और क्षेत्रवासी इसका पुरजोर विरोध करेंगे। मौके पर मौजूद लोगों ने प्रशासन से मांग की कि बरसात के मौसम से पहले जल निकासी की स्थायी और प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को हर वर्ष इस समस्या का सामना न करना पड़े। इस दौरान रामकुमार पूनिया, राजेंद्र पचार, विमल गोयल, विजय गर्ग, ललित गर्ग रिंकू, विनीत गर्ग, कपिल जोशी पारीक, राजेश बुरड़क तथा बलविंदर सहित अनेक वार्डवासी उपस्थित रहे।

# शहरी सेवा शिविर-2026: नगरपरिषद हनुमानगढ़ में आमजन को मिलेंगी विभिन्न रियायतें

**» 15 जुलाई तक आयोजित होंगे शिविर, पट्टा, नियमन, नामांतरण सहित कई सेवाओं में मिलेगी छूट**

भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो

**हनुमानगढ़।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार नगरपरिषद हनुमानगढ़ क्षेत्र में 12 जून से 15 जुलाई, 2026 तक शहरी सेवा शिविर-2026 आयोजित किए जा रहे हैं। शिविरों के माध्यम से आमजन को भूमि, पट्टा, नामांतरण, भवन निर्माण स्वीकृति, भू-उपयोग परिवर्तन एवं अन्य नगरीय सेवाओं से संबंधित मामलों में विशेष रियायतें प्रदान की जाएंगी।

### लीज राशि, फ्री-होल्ड एवं लीजमुक्त मामलों में विशेष छूट

आयुक्त नगरपरिषद सुरेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि वर्ष 2025-26 तक की बकाया लीज राशि जमा करवाने पर ब्याज में 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। वहीं अभियान अवधि के दौरान फ्री-होल्ड के लिए 10 वर्ष तथा लीजमुक्त के लिए 8 वर्ष की लीज राशि एकमुश्त जमा करवाने पर 60 प्रतिशत तक की छूट का लाभ मिलेगा। नामांतरण शुल्क में भी 50 प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी।

### कच्ची बस्तियों एवं कब्जा नियमन के लिए राहत

शिविरों के दौरान कच्ची बस्तियों में निवासरत पात्र व्यक्तियों को नियमानुसार भूमि का नियमन एवं पट्टे जारी किए जाएंगे। कब्जा भूमि नियमन की कट-ऑफ तिथि 1 जनवरी 2013 निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त सर्वेक्षित एवं नोटिफाइड कच्ची बस्तियों में 1 जनवरी 2021 से पूर्व रहवास कर रहे पात्र व्यक्तियों को नियमानुसार भूमि का नियमन किया जाएगा। स्टेट ग्रांट एक्ट के तहत भी पात्र व्यक्तियों के कब्जों का नियमन किया जाएगा।

### भवन निर्माण, भू-उपयोग परिवर्तन एवं उपविभाजन में रियायत

शहरी सेवा शिविर के दौरान भवन निर्माण स्वीकृति, भू-उपयोग परिवर्तन, उप-विभाजन, पुनर्गठन एवं पुनर्ग्रहण शुल्क में निर्धारित श्रेणियों के अनुसार 25 से 75 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी। साथ ही 31 दिसंबर 2021 से पूर्व बसी कॉलोनियों के नियमन एवं अनुमोदन मामलों में भी विशेष रियायतें दी जाएंगी।

### पट्टे होंगे शीघ्र जारी, आमजन से लाभ उठाने की अपील

आयुक्त सुरेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि शहरी सेवा शिविर-2026 के दौरान विभिन्न प्रकरणों में आपत्ति आमंत्रण की अवधि 15 दिन के स्थान पर 7 दिन रहेगी, जिससे मामलों का शीघ्र निस्तारण हो सकेगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे शिविरों में पहुंचकर राज्य सरकार द्वारा दी जा रही रियायतों एवं सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाएं।

# 15 दिन पहले रिटायर हुए अकाउंटेंट सहित परिवार के 6 सदस्य भीषण सड़क दुर्घटना में काल-कलवित

**भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो. बीकानेर।** जिले के डूंगरगढ़ थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के छह सदस्यों की मौत हो गई, जबकि दो वर्षीय बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। हरियाणा नंबर वाली कार में सवार सभी सात लोग बीकानेर जिले के मुकाम स्थित बिश्नोई समाज के गुरु जम्भेश्वर महाराज के समाधि स्थल के दर्शन करके लौट रहे थे। दोपहर के समय डूंगरगढ़ थाना क्षेत्र में डंफर ट्रक और कार की जोरदार भिड़ंत हो गई। कार में कुल सात लोग सवार थे, जिनमें छह की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस और स्थानीय लोगों ने मिलकर कार से शवों को बाहर निकाला। घायल बालिका को तुरंत श्रीडूंगरगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां से उसकी हालत गंभीर देखते हुए बीकानेर के पीबीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया। सभी मृतक हरियाणा के फतेहाबाद जिले के मताना गांव के निवासी एक ही परिवार के हैं। मृतकों में मताना गांव निवासी ओमप्रकाश बिश्नोई, उनकी पत्नी सोरमा देवी (45) बेटी प्रमिला, रोनित, पोती यशवी (10) और पोती खुशी (6) वर्ष शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल दो वर्षीय बालिका तनवी का इलाज बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में चल रहा है। मताना गांव के सरपंच दलबीर वर्मा ने बताया कि ओमप्रकाश बिश्नोई 15 दिन पहले ही 30 मई को फतेहाबाद के डीडीपीओ कार्यालय से सीनियर अकाउंटेंट पद से सेवानिवृत्त हुए थे। पूरा परिवार गुरु जम्भेश्वर महाराज के समाधि स्थल मुकाम के दर्शन के लिए आया हुआ था। हादसे में ओमप्रकाश, उनकी पत्नी, दो बेटियां, दो पोतियां और एक पोते की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से शवों को कार से निकाला। सभी शवों को सेवादारों की सहायता से श्रीडूंगरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रखवाया गया है। बाद में पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा कर सभी के शव परिवारजनों के सुपुर्द कर दिए। पुलिस ने डंपर के चालक पर लापरवाही का मुकदमा दर्ज किया है।डूंगरगढ़ पुलिस ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हरियाणा नंबर वाली कार और डंपर ट्रक के बीच टक्कर हुई। यह दुर्घटना बिश्नोई समाज सहित पूरे इलाके में शोक की लहर पैदा कर गई है। शोकाकुल परिवार के परिजनों को सहायता और घायल बालिका के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की जा रही है।

# अफीम, डोडा पोस्त और हेरोइन जब्त: महिला सहित तीन तस्कर गिरफ्तार, पुलिस ने बाइक भी पकड़ी

भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो

**हनुमानगढ़।** जिले में नशा तस्करी और अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने तीन अलग-अलग कार्रवाई की है। रावतसर, सदर हनुमानगढ़ और संगरिया थाना पुलिस ने एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से अफीम, डोडा पोस्त और हेरोइन (चिट्टा) बरामद की गई है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त एक बाइक भी जब्त की है। पुलिस के अनुसार, जिले में नशा तस्करी और अवैध मादक पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई को अंजाम दिया गया। रावतसर थाना पुलिस ने गश्त के दौरान पल्लू रोड पर चक 29 डीडब्ल्यूडी के पास कार्रवाई करते हुए कैलाशचंद्र (35) निवासी पाछूंदा, जिला चित्तौड़गढ़ को 101 ग्राम अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार किया। वहीं, सदर हनुमानगढ़ थाना पुलिस ने बाइक सवार जसविंद्र सिंह सैनी (25) निवासी गांव कालिया, श्रीगंगानगर को 43 किलो 730 ग्राम अवैध डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार किया। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त बाइक भी जब्त कर ली। इसी प्रकार, संगरिया थाना पुलिस ने रोही भगतपुरा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए पूनम (30) निवासी वार्ड नंबर 1, संगरिया को 4.64 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) के साथ गिरफ्तार किया।
आरोपी महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, तीनों मामलों में अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए हैं। आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाया जा रहा है कि मादक पदार्थ कहां से लाए गए थे और इन्हें किस क्षेत्र में सप्लाई किया जाना था। पुलिस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी जानकारी जुटा रही है।

# संयुक्त शासन सचिव महेंद्र खड़गावत ने किया हनुमानगढ़ का निरीक्षण

**श्रमिकों के कल्याण के लिए 'संयुक्त कार्य योजना' बनाने के दिए निर्देश**

**हनुमानगढ़।** श्रम, कारखाना एवं बॉयलर्स और ई.एस.आई. विभाग के संयुक्त शासन सचिव महेंद्र खड़गावत ने आज हनुमानगढ़ जिले का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय सक्रियता और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए जिले के तीन प्रमुख कार्यालयों–श्रम कार्यालय, कारखाना एवं बॉयलर कार्यालय और ई.एस.आई. डिस्पेंसरी का जायजा लिया। ईएसआई डिस्पेंसरी- संयुक्त शासन सचिव ने डिस्पेंसरी की कार्यप्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया और वहां दी जा रही चिकित्सा सेवाओं व व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। खड़गावत ने श्रम कार्यालय को 'भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल' की लंबित योजनाओं का त्वरित निस्तारण करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का धरातल पर अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि वास्तविक लाभार्थियों को समय पर लाभ मिल सके। राजस्व एवं उपकर संग्रहण: भवन एवं संनिर्माण कर्मकार कल्याण उपकर संग्रहण की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप शत-प्रतिशत वसूली करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्रमिकों के हितों और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संयुक्त शासन सचिव ने श्रम विभाग, कारखाना एवं बॉयलर्स, तथा ई.एस.आई. विभाग को आपसी समन्वय के साथ काम करने के लिए कहा।

# स्किन ट्रिटमेंट कार्यशाला में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का दिया संदेश

» जरूरतमंद बेटियों को ब्यूटी पार्लर शुरू करने में मिलेगा सहयोग, विशेषज्ञों ने साझा किए आधुनिक सौंदर्य टिप्स






भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो

**हनुमानगढ़।** महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जंक्शन में भव्य स्किन ट्रिटमेंट कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर स्किन केयर, ब्यूटी ट्रीटमेंट और ब्यूटी इंडस्ट्री में रोजगार की संभावनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। कार्यशाला के मुख्य वक्ता स्किन ट्रिटमेंट एक्सपर्ट तोषी सिंह एवं ब्यूटी एक्सपर्ट मान्या गुप्ता रहे। दोनों विशेषज्ञों ने महिलाओं को त्वचा की देखभाल, आधुनिक स्किन ट्रीटमेंट तकनीकों, सौंदर्य संबंधी नवीनतम ट्रेंड्स तथा ब्यूटी व्यवसाय से जुड़ी आवश्यक जानकारियां प्रदान कीं। उन्होंने बताया कि आज के समय में ब्यूटी एवं वेलनेस सेक्टर तेजी से विकसित हो रहा है और महिलाएं इस क्षेत्र में सफल व्यवसाय स्थापित कर आर्थिक रूप से मजबूत बन सकती हैं। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने विभिन्न प्रकार की त्वचा संबंधी समस्याओं, उनके समाधान तथा घरेलू एवं पेशेवर स्किन केयर के तरीकों पर भी विस्तार से चर्चा की। उपस्थित महिलाओं ने भी अपने प्रश्न पूछकर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य जीतू बजाज एवं किरण शर्मा ने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा कि किसी भी जरूरतमंद परिवार की बेटी यदि ब्यूटी पार्लर खोलकर आत्मनिर्भर बनना चाहती है तो समिति उसकी हरसंभव सहायता करेगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं का आर्थिक रूप से सशक्त होना समाज के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है और इसी सोच के साथ यह पहल की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण और मार्गदर्शन के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे वे अपने पैरों पर खड़ी होकर परिवार और समाज में सकारात्मक योगदान दे सकें। कार्यक्रम में महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे रोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों के लिए राहत का प्रयास

» कुम्हार धर्मशाला में राष्ट्रीय युवक परिषद ने लगाए 21 परिण्डे



भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो

**हनुमानगढ़।** जंक्शन स्थित कुम्हार धर्मशाला में आज राष्ट्रीय युवक परिषद की ओर से भीषण गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था की गई। इस दौरान परिषद के सदस्यों ने परिसर और आसपास के क्षेत्रों में कुल 21 परिण्डे लगाए। यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण, जीव दया और मानवीय संवेदनाओं को समर्पित रहा, जिसे स्थानीय नागरिकों ने सराहा। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय युवक परिषद के जिलाध्यक्ष प्रवीण जैन ने कहा कि तेज गर्मी के कारण पक्षियों को पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ता है। कई स्थानों पर जल स्रोत सूख जाने से पक्षियों का जीवन संकट में आ जाता है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए परिषद द्वारा लगातार परिण्डे लगाने का अभियान चलाया जा रहा है, ताकि बेजुबान पक्षियों को राहत मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कोई एक दिन का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि परिषद पूरे जिले में निरंतर इस प्रकार के सेवा और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्य कर रही है। इस अवसर पर विनोद प्रजापत, सुनील प्रजापत, निहाल सिंह, पवन सोनी, रामलाल कावलिया, रामगोपाल सेन, विमला, राजकुमार प्रजापत, कुमारी रखी, मानवी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर कुम्हार धर्मशाला व आसपास के परिसर में पेड़ों पर परिण्डे लगाए और उनमें नियमित रूप से पानी भरने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय युवक परिषद भविष्य में भी इस तरह के पर्यावरण एवं समाजसेवी कार्यक्रम लगातार जारी रखेगी। उनका उद्देश्य केवल मानव सेवा ही नहीं, बल्कि प्रकृति, पर्यावरण और बेजुबान जीवों की रक्षा करना है, ताकि समाज में करुणा और जिम्मेदारी की भावना को और मजबूत किया जा सके।

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर यातायात पुलिस की सख्त कार्रवाई

» विशेष अभियान में 26 चालक पकड़े गए, सभी वाहनों को किया गया सीज



भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो

**हनुमानगढ़।** सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिलेभर में संचालित इस अभियान के तहत रविवार को जिला मुख्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर सघन जांच अभियान चलाकर नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान यातायात शाखा की टीम ने प्रमुख मार्गों और व्यस्त चौराहों पर नाकाबंदी कर दुपहिया, तिपहिया और चौपहिया वाहनों की जांच की। जांच के दौरान ब्रेथ एनालाइजर की सहायता से वाहन चालकों की जांच की गई, जिसमें कई चालक शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पाए गए। यातायात पुलिस ने ऐसे चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उनके वाहनों को जब्त किया। यातायात शाखा प्रभारी अनिल चिन्दा ने बताया कि अभियान के दौरान कुल 26 वाहन चालक शराब पीकर वाहन चलाते पाए गए। सभी के विरुद्ध मोटर व्हीकल अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई तथा उनके 26 वाहनों को सीज कर दिया गया। उन्होंने बताया कि शराब के नशे में वाहन चलाना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि स्वयं चालक, उसके परिवार और अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं के जीवन के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करता है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में शराब पीकर वाहन चलाना भी शामिल है। कई बार थोड़ी सी लापरवाही बड़े हादसों का कारण बन जाती है, जिससे जान-माल की अपूरणीय क्षति होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा समय-समय पर विशेष अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जा रही है। अनिल चिन्दा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करें तथा किसी भी स्थिति में शराब का सेवन करने के बाद वाहन नहीं चलाएं। उन्होंने कहा कि सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए जनता का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा को लेकर इस प्रकार के विशेष अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और लोगों की जान की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# सोने-चांदी के जेवर और 1 लाख नकद ले उड़े चोर

### अहमदपुरा गांव में दिनदहाड़े सूने मकान में चोरी, सीसीटीवी फुटेज खंगाली रही पुलिस

**हनुमानगढ़।** जिले के पीलीबंगा क्षेत्र के अहमदपुरा गांव में रविवार दोपहर एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोर लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और 1 लाख 6 हजार रुपए नकद चोरी कर ले गए। परिवार के सदस्य के घर पहुंचने पर टूटे ताले और बिखरा सामान देखकर वारदात का पता चला। सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस के अनुसार अहमदपुरा निवासी काला सिंह ने पीलीबंगा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उन्होंने बताया कि 14 जून को दोपहर के समय परिवार का कोई सदस्य घर पर मौजूद नहीं था। दोपहर करीब 2ः30 बजे उनका पुत्र वारिशदीप घर पहुंचा तो उसने कमरों के ताले टूटे हुए और सामान बिखरा हुआ देखा। इसके बाद उसने तुरंत अपने पिता को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर काला सिंह घर पहुंचे और पूरे मकान की जांच की। जांच में पता चला कि चोर घर से करीब ढाई तोला सोने की कंठी, तीन सोने की अंगूठियां, सोने की बालियां, कानों के टॉप्स, दो सोने की ताबीज, एक सोने का कड़ा, पुरुषों की सोने की बालियां तथा दो जोड़ी चांदी की पायल चोरी कर ले गए। इसके अलावा घर में रखे 1 लाख 6 हजार रुपए नकद भी गायब मिले।

# पहली बारिश में ही मुख्य बाजार की नई सड़क पर भरा पानी

» दुकानदारों ने जताया विरोध, नगरपरिषद अधिकारियों को कराया मौके का निरीक्षण



भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो

**हनुमानगढ़।** शहर में मानसून पूर्व हुई सीजन की पहली बारिश ने नगर परिषद और पीडब्ल्यूडी विभाग की व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी। हनुमानगढ़ जंक्शन के मुख्य बाजार में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा हाल ही में निर्मित नई सड़क पर बारिश का पानी जमा हो गया, जिससे दुकानदारों और आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं दूसरी ओर नगर परिषद द्वारा नालियों की सफाई के दौरान निकाली गई गंदगी को पिछले एक सप्ताह से नहीं उठाए जाने के कारण बारिश के बाद सफाई व्यवस्था भी पूरी तरह चरमरा गई। सोमवार को मुख्य बाजार के दुकानदारों ने इस समस्या को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष मनीष मक्कासर के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। दुकानदारों ने मौके पर नगर परिषद अधिकारियों को बुलाकर स्थिति से अवगत कराया तथा जलभराव और गंदगी की समस्या का निरीक्षण करवाया। इस दौरान व्यापारियों ने नगर परिषद और संबंधित विभागों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए जल्द समाधान की मांग की। दुकानदार लखविंदर सिंह लाली ने बताया कि मुख्य बाजार में बरसात के दौरान जलभराव की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से नगर परिषद ने पहले से बनी सड़क को तोड़कर पीडब्ल्यूडी विभाग के माध्यम से नई सड़क का निर्माण करवाया था। करोड़ों रुपये खर्च कर बनाए गए इस सड़क निर्माण कार्य के बावजूद पहली ही बारिश में पानी सड़क पर जमा हो गया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि जल निकासी की व्यवस्था पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि सड़क निर्माण के बाद भी बाजार में पानी भरने की स्थिति बनी रहती है तो इस निर्माण कार्य का उद्देश्य ही समाप्त हो जाता है। साथ ही उन्होंने नगर परिषद की सफाई व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। उनका कहना था कि नालियों की सफाई के बाद निकाली गई गंदगी को कई दिनों तक सड़क किनारे छोड़ दिया जाता है, जिससे दुर्गंध फैलती है और बारिश होने पर वही गंदगी सड़कों पर फैल जाती है। व्यापारियों ने बताया कि हनुमानगढ़ आने वाले अधिकांश बाहरी लोग बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन से होकर मुख्य बाजार पहुंचते हैं। ऐसे में मुख्य बाजार की खराब सफाई व्यवस्था और जलभराव की समस्या शहर की छवि को नुकसान पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो व्यापारियों को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। मौके पर पहुंचे नगर परिषद अधिकारियों ने व्यापारियों की शिकायतें सुनीं और समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

## प्रथम पेज का शेष...

### फिर से महंगा...

प्रति लीटर तक का दबाव बताया जा रहा था। अब यह घाटा काफी हद तक कम हो गया है। मार्च 2026 में सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की थी, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। साथ ही पेट्रोल, डीजल और एविएशन टर्बाइन फ्यूल पर एक्सपोर्ट ड्यूटी भी लगाई गई थी। इसके बाद मई में 4 स्टेप में फ्यूल प्राइस में बढ़ोतरी की गई। फिर जून की शुरुआत में एक्सपोर्ट ड्यूटी में कुछ राहत दी गई, जिससे बाजार में संतुलन बनाने की कोशिश हुई। फिलहाल, सरकार जल्दबाजी में किसी नए फ्यूल प्राइस संशोधन के मूड में नहीं दिख रही है। अधिकारियों का मानना है कि अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि कच्चे तेल की कीमतों में आई नरमी का फायदा सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचेगा या नहीं। हालांकि, एक राहत की बात यह है कि एलपीजी की सप्लाई व्यवस्था अब काफी हद तक सामान्य हो चुकी है। गैस बुकिंग का बैकलॉग घटकर करीब 3.3 दिन रह गया है, जिससे यह संकेत मिलता है कि सप्लाई चेन पर पड़ा दबाव अब कम हो रहा है। पेट्रोल और डीजल के मोर्चे पर स्थिति सुधरती दिख रही है, लेकिन एलपीजी अभी भी तेल कंपनियों के लिए सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है। आने वाले महीनों में अंतरराष्ट्रीय बाजार की चाल और सरकारी नीतियां तय करेंगी कि उपभोक्ताओं को राहत मिलती है या नहीं।

### डीजल नियमों में...

चेतावनी दी है कि यदि 21 जून तक अधिसूचना में संशोधन कर पीईएसओ कंटेनर की अनिवार्यता में छूट नहीं दी गई तो 22 जून को सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक जिले के सभी पेट्रोल पंप बंद रखे जाएंगे।

### शहरी सेवा शिविर...

किश्तों की राशि जमा करना, पता एवं आय वर्ग में परिवर्तन, अर्नेस्ट मनी रिफण्ड, भवन मानचित्र जारी करने के संबंध मे (पंजीयन हेतु), उप विभाजन-पूनर्गठन/खांचा भूमि/भवन निर्माण स्वीकृति आदि अन्य प्रकरणों का निस्तारण, आवास पंजीयन, किराया क्रय पद्धति से नकद भुगतान पद्धति में परिवर्तन संबंधी कार्य किए जायेंगे।

### ट्रक की चपेट में...

जिला चूरू ले गया। दोपहर बाद उसका गांव में अत्यंत गमगीन माहौल में राजकीय सम्मान पूर्वक अंतिम संस्कार कर दिया गया। सिपाही नरेश भादरा थाना में 2023 से पदस्थापित था। पुलिस अधीक्षक नरेंद्रसिंह मीणा सहित अनेक पुलिस अधिकारियों और पुलिस कर्मियों ने नरेश के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

# मानसून पूर्व बारिश में डूबी जंक्शन की नई अनाज मंडी, भीगा लाखों क्विंटल गेहूं, व्यवस्थाओं पर उठे सवाल

» नालियां और सड़कें ओवरफ्लो, लिफ्टिंग व बारदाने की कमी से बढ़ी परेशानी



भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो

**हनुमानगढ़।** मानसून पूर्व हुई पहली तेज बारिश ने जंक्शन की नई अनाज मंडी में व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी। सोमवार को हुई मूसलाधार बारिश के बाद मंडी परिसर की सड़कें और नालियां ओवरफ्लो हो गईं, जिससे मंडी में खुले आसमान के नीचे रखा गेहूं भीग गया। व्यापारियों और मजदूर संगठनों ने मंडी समिति की कार्यप्रणाली, लिफ्टिंग व्यवस्था और बरसाती पानी निकासी के इंतजामों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। बारिश का पानी मंडी में जगह-जगह जमा होने से गेहूं की ढेरियों और गेहूं से भरे हजारों थैलों में पानी घुस गया। पिछले कुछ दिनों से कुछ दिन के अंतराल के बाद बारिश होने के बावजूद अधिकारियों की ओर से प्रभावी कदम नहीं उठाने से व्यापारियों में रोष है। भीगे हुए गेहूं से मंडी परिसर में दुर्गंध फैलने लगी है और खुले में पड़ा अनाज अब भी नुकसान की आशंका में है। व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष प्यारेलाल बंसल ने बताया कि नई धानमंडी में खुले में रखा गेहूं बारिश की चपेट में आने से भारी नुकसान की संभावना है। उन्होंने कहा कि इस बार गेहूं खरीद व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित नजर आ रही है। कभी बारदाने की कमी तो कभी लिफ्टिंग में देरी किसानों और व्यापारियों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। उन्होंने बताया कि पहले गेहूं खरीद की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई थी, जिसे बाद में बढ़ाकर 6 जून, फिर 12 जून और अब 19 जून तक किया गया है। इसके बावजूद पर्याप्त बारदाना उपलब्ध नहीं होने से गेहूं की तुलाई प्रभावित हो रही है। यदि समय पर पर्याप्त बारदाना उपलब्ध कराया जाता तो खरीद अवधि बढ़ाने की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। बंसल ने नई धानमंडी में जल निकासी व्यवस्था को भी कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि शहर का अधिकांश बरसाती पानी मंडी में पहुंचता है। नालों की सफाई और निकासी व्यवस्था उचित नहीं होने के कारण बारिश का पानी मंडी परिसर में भर जाता है और कृषि उपज को नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने सरकार से शीघ्र बारदाना उपलब्ध कराने और जल निकासी की स्थायी व्यवस्था करने की मांग की। वहीं व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष जगदीश राय अग्रवाल ने बताया कि नई अनाज मंडी के यार्ड नम्बर 2 की सड़कें 30 से 35 वर्ष पुरानी हैं और पिछले कई वर्षों से उनके नवीनीकरण के लिए कोई बजट नहीं मिला है।

# महात्मा गांधी राजकीय चिकित्सालय की धर्मार्थ धर्मशाला में शीतल जल घर का लोकार्पण



भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो

**हनुमानगढ़।** टाउन की अग्रणी समाजसेवी संस्था अमरनाथ सेवा समिति रजिस्टर्ड द्वारा आज टाउन स्थित महात्मा गांधी राजकीय चिकित्सालय की धर्मार्थ धर्मशाला परिसर में शीतल जल घर का विधिवत लोकार्पण किया गया। यह सेवा विशेष रूप से अस्पताल में आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों को भीषण गर्मी में राहत प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। कार्यक्रम का आयोजन सादगीपूर्ण किंतु गरिमामय वातावरण में हुआ, जिसमें शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक गणेशराज बंसल रहे, विशिष्ट अतिथि प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ शंकरनलाल सोनी थे । जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता अमरनाथ सेवा समिति के प्रधान सूरजभान मित्तल ने की। मुख्यतिथि का माला पहनाकर व राजस्थानी पगड़ी पहनकर स्वागत अमरनाथ सेवा समिति के पदाधिकारियों ने किया । कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक गणेश राज बंसल द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर किया गया। इसके पश्चात शीतल जल घर को आमजन को समर्पित किया गया, जिससे अब अस्पताल आने वाले जरूरतमंद लोगों को स्वच्छ, ठंडा एवं मीठा पानी सहज रूप से उपलब्ध हो सकेगा। समिति के सचिव इंद्रजीत चराया ने जानकारी देते हुए बताया कि अमरनाथ सेवा समिति रजिस्टर्ड हनुमानगढ़ टाउन द्वारा संचालित इस धर्मार्थ धर्मशाला में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीजों व उनके परिजन आते हैं। गर्मी के मौसम में पीने के ठंडे पानी की आवश्यकता को देखते हुए समिति ने शीतल जल घर की स्थापना का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि इस शीतल जल घर का निर्माण समिति द्वारा करवाया गया है, जबकि इसमें लगाया गया आधुनिक वाटर कूलर स्वर्गीय सोमप्रकाश गोयल की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र विनोद गोयल (काका) द्वारा भेंट किया गया है। इस वाटर कूलर की कुल लागत लगभग 80 से 85 हजार रुपये आई है।विधायक गणेशराज बंसल ने अपने संबोधन में अमरनाथ सेवा समिति के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी संस्थाएं समाज के लिए प्रेरणास्रोत होती हैं। अस्पताल जैसे स्थान पर शीतल जल की सुविधा उपलब्ध कराना वास्तव में मानव सेवा का श्रेष्ठ उदाहरण है। उन्होंने समिति के सभी पदाधिकारियों और सहयोगकर्ताओं को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई दी।

# सोमवती अमावस्या पर महिला सत्संग मंडल ने लगाया भंडारा

» लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को वितरित की कचोरी, लस्सी, छाछ व मिठाई



भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो

**हनुमानगढ़।** टाउन की नई धान मंडी स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में सोमवार को सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर लक्ष्मीनारायण मंदिर महिला सत्संग मंडल द्वारा भंडारे का आयोजन कर पुण्यदान किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धार्मिक आयोजन में सहभागिता निभाई। महिला सत्संग मंडल की सक्रिय सदस्यों ने बताया कि सोमवती अमावस्या का हिंदू धर्म में विशेष महत्व माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन स्नान, दान, जप-तप एवं भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है तथा पितरों की कृपा भी प्राप्त होती है। यही कारण है कि इस दिन धार्मिक और सेवा कार्यों का विशेष महत्व रहता है। भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए कचोरी, लस्सी, छाछ एवं मिठाई की व्यवस्था की गई। महिला सत्संग मंडल की सदस्यों ने स्वयं अपने हाथों से लोगों को प्रसाद वितरित कर सेवा भाव का परिचय दिया। आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धा, भक्ति और सेवा का सुंदर संगम देखने को मिला। इस अवसर पर महिला सत्संग मंडल ने लक्ष्मीनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष पवन खदरिया एवं सचिव जितेंद्र कंदोई का आभार व्यक्त किया। मंडल की महिलाओं ने कहा कि मंदिर समिति का सहयोग उन्हें प्रत्येक धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन में निरंतर प्राप्त होता है, जिससे ऐसे कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो पाते हैं।मंडल की सदस्यों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य केवल धार्मिक परंपराओं का निर्वहन करना नहीं, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को सुदृढ़ करना भी है। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में अच्छी-खासी भीड़ रही। श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों ने महिला सत्संग मंडल की इस पहल की सराहना करते हुए गर्मी के मौसम में इसे जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

# छबील व भजन संध्या का आयोजन

» भंडारे में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो

**हनुमानगढ़।** नारायणी देवी सामाजिक संस्थान द्वारा संस्था संस्थापक नारायणी देवी की तीसरी पुण्यतिथि के पावन अवसर पर वार्ड 52 के वार्डवासियों द्वारा श्रद्धांजलि स्वरूप ठंडे मीठे जल व मीठे तरबूज की छबील का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के इस मौसम में राहगीरों के लिए यह छबील संजीवनी साबित हुई। आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और इस पुण्य कार्य में सेवा दी। कार्यक्रम संयोजक शंकर लाल स्वामी ने बताया कि माता स्वर्गीय नारायणी देवी समाज सेवा में सदैव अग्रणी रही हैं। उन्होंने अपने जीवन में अनेक सामाजिक और धार्मिक कार्य किए, जिनसे समाज को दिशा मिली। उन्हीं की प्रेरणा से वार्ड 52 के निवासी हर वर्ष उनकी पुण्यतिथि को सेवा कार्यों के माध्यम से याद करते हैं। इस वर्ष भी निर्जला एकादशी के पावन दिन पर ठंडे जल और तरबूज की छबील लगाकर राहगीरों की सेवा की गई। स्वामी ने बताया कि पुण्यतिथि पर सायंकाल में भव्य भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें स्थानीय व प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। भजन संध्या के उपरांत छोले, पूरी व खीर का विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि समाज की युवा पीढ़ी को भी सेवा और परोपकार की भावना से जोड़ना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। ऐसे कार्यक्रमों से सामाजिक एकता और सहयोग की भावना को बल मिलता है। इस मौके पर मोहनलाल स्वामी, विजय कुमार, चोरूलाल, राधेश्याम, नौरगलाल, बेबी, साधना देवी, अराधना, मांगीलाल, ललित, अमित, मनोज, हेमंत, अनुज, मदन व अन्य वार्डवासी मौजूद थे।

# कैंची धाम स्थापना दिवस पर लगाया गया मीठे जल का छबील

» नीम करौली सेवा समिति ने राहगीरों को पिलाया ठंडा शर्बत



भटनेर एक्सप्रेस ब्यूरो

**हनुमानगढ़।** नीम करौली सेवा समिति के तत्वावधान में कैंची धाम के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को सूरतगढ़ रोड स्थित शक्ति टेंट हाउस परिसर में ठंडे मीठे जल की छबील लगाकर श्रद्धापूर्वक सेवा कार्य किया गया। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राहगीरों, वाहन चालकों एवं स्थानीय लोगों को ठंडा मीठा जल वितरित किया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि बाबा नीम करौली महाराज की शिक्षाओं में सेवा, प्रेम और मानव कल्याण का विशेष महत्व है। उन्हीं आदर्शों से प्रेरित होकर कैंची धाम स्थापना दिवस पर यह सेवा कार्य आयोजित किया गया, ताकि गर्मी के मौसम में लोगों को राहत पहुंचाई जा सके। छबील में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया और उन्हें ठंडा मीठा जल पिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान समिति सदस्यों ने कहा कि समाज सेवा ही सच्ची भक्ति का मार्ग है। जरूरतमंदों और राहगीरों की सेवा कर उन्हें राहत पहुंचाना ही बाबा नीम करौली महाराज के प्रति सच्ची श्रद्धा है। उन्होंने बताया कि समिति समय-समय पर धार्मिक एवं सामाजिक सेवा कार्यों का आयोजन करती रहती है और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे। छबील स्थल पर दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रही। उपस्थित श्रद्धालुओं ने बाबा नीम करौली महाराज के जयकारे लगाते हुए स्थापना दिवस को श्रद्धा और सेवा भाव के साथ मनाया।

# बच्चों को दस्त रोग से बचाने के लिए से स्टॉप डायरिया कैम्पेन मंगलवार से शुरू

**- डेढ़ माह तक जिलेभर में होंगे जागरूकता कार्यक्रम**

**हनुमानगढ़।** बच्चों को दस्त रोग से सुरक्षित रखने एवं दस्त जनित मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में 16 जून से 31 जुलाई तक स्टॉप डायरिया कैम्पेन' संचालित किया जाएगा। अभियान की थीम डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान' रखी गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत आशा, एएनएम एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर परिवारों को दस्त रोग से बचाव, ओआरएस एवं जिंक के उपयोग तथा स्वच्छता के महत्व की जानकारी देंगे। पांच वर्ष तक के बच्चों वाले परिवारों में ओआरएस एवं जिंक का वितरण भी किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि दस्त होने पर बच्चे को तुरंत ओआरएस घोल दें, जिंक की गोलियां चिकित्सकीय परामर्श अनुसार दें तथा आवश्यकता पड़ने पर निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और समय पर उपचार अपनाकर दस्त रोग के गंभीर परिणामों से प्रभावी रूप से बचा जा सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, विपुल गोयल के द्वारा विजय आफसैट, नई धानमंडी, हनुमानगढ़ टाउन से मुद्रित एवं कार्यालय 283, सैक्टर नं. 6, नजदीक चूना फाटक, हनुमानगढ़ जंक्शन 335512, जिला हनुमानगढ़ (राजस्थान) से प्रकाशित एवं प्रसारित। सम्पादकः विपुल गोयल
RNI NO : RAJHIN/2022/85753